
page 65698:page 65698.qxd 1/12/2018 12:29 AM Page 1





**लोगों के लिए उदाहरण स्थापित करना दूसरों को प्रभावित करने का एक मात्र साधन है। -अल्बर्ट**



## झरोखा

### हनीप्रीत मामला: 21 फरवरी को सुनवाई



**पंचकूला।** हरियाणा के सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह की दत्तक पुत्री हनीप्रीत को गुरुवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन की अदालत में पेश किया गया और पंचकूला तथा सिरसा में फैली हिंसा की घटनाओं को लेकर उस पर आरोप तय होने थे। अदालत ने मामले की सुनवाई 21 फरवरी तक स्थगित कर दी, जब हनीप्रीत के वकील ने कहा कि उन्हें संपूर्ण आरोप पत्र की प्रति नहीं दी गई है।

### बाराबंकी में जहरीली शराब से 11 मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के देवां क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। भारी संख्या में पुलिस तैनाती के बीच पोस्टमार्टम करा शवों को परिजनों को सौंप दिया गया और बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

### विकास बराला को जमानत मिली

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की बेटी वर्णिका कुंडू से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुभाष बराला के बेटे विकास बराला को जमानत दे दी। विकास लगभग पांच माह जेल में रहने के बाद बाहर आएगा। उसके साथी आशीष को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा क्योंकि उसने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया था।

### त्रिपुरा पहुंची सीबीआई टीम

**अगरतला।** त्रिपुरा में रोज वैली एंड होटल इंटरटेंमेंट लिमिटेड से संबंधित पांच हजार करोड़ रुपये के घोटाले की जांच के लिए सीबीआई का 14 सदस्यीय दल यहां पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि जांच दल ने राज्य में रोज वैली के प्रचार में कथित संलिप्तता और व्यवसाय में प्रशासनिक सहायता को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री माणिक सरकार के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

### फोन टेप करा रही है केन्द्र सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री रामालिंगा रेड्डी ने केन्द्र की भाजपा नीत राजग सरकार पर राज्य के मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं के फोन टेप कराने का आरोप लगाया है। उन्हें इस बारे में शिकायतें मिली हैं।

# किसान मुद्दे पर सरकार हिला देंगे

**नरसिंहपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं।

मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा ने जो घोषणा पत्र तैयार किया था, उसके अनुसार मोदी सरकार कार्य नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि उस घोषणा पत्र को तैयार करने में वह स्वयं भी शरीक थे, इसलिए वे खुद को भी दोषी मानते हैं कि मोदी सरकार भाजपा के घोषणा पत्र के आधार पर किसानों को लाभ प्रदान नहीं कर रही है। मोदी सरकारी की नीतियों को किसान विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों को उपज से 50 प्रतिशत लाभ दिलाने की बात कही गई थी। इस मौके पर उन्होंने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को भी देश के लिए नुकसानदायक बताया।



**बगावत**

पार्टी घोषणा पत्र के अनुसार कार्य नहीं कर रही है मोदी सरकार

- घोषणा पत्र के मुताबिक किसानों को उपज का लाभ नहीं मिल रहा

नरसिंहपुर जिले के किसानों का शोषण होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को गन्ना का उचित मूल्य नहीं मिल रहा।

उनके साथ मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री सोमपाल शास्त्री ने सिन्हा की बात का समर्थन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में शुगर रिकवरी 9.5 होने पर किसानों को 350 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना का दाम दिया जा रहा है, वहीं यहां रिकवरी 11.5 से ज्यादा होने पर सिर्फ 300 रुपए के भाव से गन्ना खरीदा जा रहा है। किसान नेता शिवकुमार शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान सरकार की भावांतर योजना और केंद्र की फसल बीमा योजना किसानों के साथ लूट है। उन्होंने फसल बीमा योजना को बीमा कम्पनियों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि किसानों को इससे कोई लाभ नहीं है। तीनों नेता जिले के गाडरवारा तहसील मुख्यालय गए, जहां इन्होंने राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन में हिस्सा लिया।

**किसानों के परिजनों को दें स्थायी नौकरी**

भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा ने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा तहसील में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) द्वारा जमीन अधिग्रहण के मामले में मांग की है कि इससे प्रभावित किसानों के परिजनों को स्थायी नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी भारत सरकार का उपक्रम है, वह दोहरी नीति अपना रहा है। झारखंड में यह उपक्रम कोयला खनन कर रही है। वहां के प्रभावित किसानों को मुआवजा के साथ नौकरी भी दी गई है, मगर यहां पर ऐसा नहीं किया जा रहा है। सिन्हा ने कहा कि वह किसानों के साथ हैं। जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता, वह उनके साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।

### बहू से खतरे का आरोप, अरबपति दंपति बंगले में कैद

**यमुनानगर।** एक अरबपति दंपति ने बहू से अपनी जान पर खतरे का आरोप लगाया है। दंपती अपने बंगले में कैद होने को मजबूर है। दंपती का आरोप है कि उनकी बहू ने पहले अपने बॉयफ्रेंड और बेटी के साथ मिलकर उनके बेटे को मौत के घाट उतार दिया और अब जमानत पर छूटने के बाद ये लोग किसी खतरनाक साजिश के तहत उनकी कोठी की दीवारें फांद रहे हैं। पुलिस इसे पारिवारिक विवाद बता रही है। मामला यमुनानगर के हुड्डा सेक्टर-17 का है। दंपति ने आरोप लगाया कि मदद के लिए जब सुभाष बत्रा ने पुलिस से गुहार लगाई तो ड्यूटी ऑफिसर ने दंपति की मदद करने की बजाए इन्हें सलाह दी कि वह अपनी बहू और पोती को अपने घर में रहने दे। पुलिस के इस रवैये से सुभाष बत्रा सदमे में आ चुके हैं और उन्हें किसी अनहोनी का डर सता रहा है। 2016 में सुभाष बत्रा के इकलौते बेटे योगेश बत्रा की अचानक मौत हो गई थी।

## राहुल अमेठी में करेंगे खिचड़ी भोज का आयोजन

**अमेठी।** गुजरात विधान सभा चुनाव में मंदिर दर्शन की राजनीति के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी में मकर संक्रान्ति पर 15 जनवरी को खिचड़ी भोज का आयोजन करेंगे। गांधी कांग्रेस अध्यक्ष को पद संभालने के बाद पहली बार दो दिवसीय दौरे पर आगामी 15 जनवरी को अमेठी आ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। गांधी जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में भी भाग लेंगे।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी को मजबूत करने के लिए गांधी अमेठी से खिचड़ी भोज की शुरुआत करेंगे। इसके बाद प्रदेश के अन्य हिस्सों में कार्यकर्ता और जिला कमेटी खिचड़ी भोज का आयोजन करेगी। जिला कमेटियों से खिचड़ी भोज के लिए ग्रामीण अंचलों पर फोकस करने को कहा गया है। खिचड़ी भोज के जरिये गांधी आम जनता से संपर्क करने की कोशिश करेंगे। 2019 में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी कार्यकर्ता 15 जनवरी के बाद खिचड़ी भोज का आयोजन कर लोगों से जुड़ने की कोशिश में जुटेंगे। अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि गांधी के दो दिवसीय दौर में उनकी संसदीय निधि से कराये गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी होगा।



**राजनीति**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी

# जीएसटी के विरोध में पीएम को सौंपेंगे सैनिटरी पैड

**ग्वालियर।** जीएसटी दायरे से हटाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को युवा एक हजार संदेशयुक्त सैनिटरी पैड भेंट करेंगे। वे सेनिटरी पैड को जीएसटी समेत अन्य सभी करों के दायरे से बाहर लाने और इन्हें निशुल्क बांटे जाने की अपील करेंगे। अब तक मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में एक हजार से ज्यादा पैड एकत्रित हो गए हैं।

इस मुहिम को शुरू करने वाले मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में सामाजिक कार्यकर्ता हरि मोहन ने बताया कि सेनिटरी पैड पर 12 फीसदी जीएसटी लगने के बाद इसे एक लग्जरी वस्तु बना दिया गया है। इससे करोड़ों महिलाएं प्रभावित हुईं, लेकिन अपना विरोध किस प्रकार प्रकट करतीं। वे अपनी बात प्रधानमंत्री तक पहुंचा सकें, इसलिए सेनिटरी पैड पर लिखे उनके संदेश प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने की मुहिम शुरू की गई है। महिलाओं को टीम लगातार प्रेरित कर रही है। तीन मार्च को प्रधानमंत्री कार्यालय को ऐसे एक हजार संदेशयुक्त पैड भेंट किए जाएंगे।

टीम की योजना के मुताबिक इसके बाद भी अगर सेनिटरी पैड पर से जीएसटी नहीं हटाया गया, तो दूसरे चरण में एक लाख और तीसरे चरण में पांच लाख पैड भेजे जाने का लक्ष्य तय किया गया है।

उन्होंने बताया कि अब तक मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक में एक हजार से ज्यादा पैड एकत्रित हो गए हैं। योजना मुताबिक एक हजार पैड दिल्ली ले जाए जाएंगे और अतिरिक्त ग्रामीण और जरूरतमंद महिलाओं को भेंट कर दिए जाएंगे।




**संदेश**

युवाओं ने संदेश देने के लिए जुटाए एक हजार पैड

- मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र व कर्नाटक में सक्रियता

### लालू पर जालौन के डीएम के खिलाफ जांच

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की सजा कम किये जाने के सम्बन्ध में जालौन के जिलाधिकारी की कथित सिफारिश के मामले में जांच के आदेश दिये हैं। जालौन के जिलाधिकारी मन्नान अख्तर पर यादव की सजा कम कराने की सिफारिश करने का आरोप लगा है। जांच झांसी के मंडलायुक्त अमित गुप्ता को सौंपी गयी है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यादव को सजा सुनाने वाले न्यायाधीश जालौन के रहने वाले हैं। इसीलिये यादव के लोगों ने जालौन के जिलाधिकारी से सम्पर्क किया था। इस बीच जालौन के जिलाधिकारी मन्नान अख्तर ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनकी इस सिलसिले में किसी से कोई बात नहीं हुई है। वह बिहार के रहने वाले नहीं हैं। मूलतः वह असम के हैं।

## सिम्फनी नकारात्मक प्रवृतियों पर सकारात्मकता की जीत: डॉ स्वाति पॉल

**नई दिल्ली।** यदि मन में नया आत्मविश्वास हो, नई उर्जा हो, बेहतर करने की सोच हो, तो हर आयोजन एक नया संदेश देता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज के वार्षिकोत्सव ह्यसिम्फनी 2018ह्व में यही देखने को मिला। कॉलेज के प्रोफेसर ने जहां बेहतर खाका तैयार किया, तो उजार्वान छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज प्राचार्या डॉ. स्वाति पॉल ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सिम्फनी सभी नकारात्मक प्रवृतियों पर सकारात्मकता की जीत का प्रतीक। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मकता जरूरी है। हम बेहतर करने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं और मुझे खुशी है कि मेरे अपने कॉलेज के लोग सदा ही मेरे साथ होते हैं। इससे पूर्व सिम्फनी 2018 में कॉलेज स्टाफ एडवाइजर डॉ. संगीता गुप्ता और डॉ. पूनम यादव ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रगान गाया गया। कॉलेज छात्र संघ की अध्यक्ष पायल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों सहित सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथियों सहित कॉलेज प्राचार्या , स्टाफ एडवाइजर और सभी विभाग के अध्यक्षों ने ज्योति प्रज्जवलित कर तीन दिवसीय सिम्फनी 2018 कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कॉलेज का प्रार्थना गीत गाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मिस विद्या राव ने भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन की सराहना करते हुए अपने आप को भाग्यशाली माना कि उन्होंने भारत वर्ष में जन्म लिया है। श्री अभय सोपोरी ने भारतीय भाषा, साहित्य, संगीत, संस्कृति की विविधता को भारत की खूबसूरती कहा और उन्होंने भारतीय संगीत,



संस्कृति के माध्यम से पूरे विश्व में शांति, भाईचारे की मंगल कामना की। डॉ. शालिनी बक्शी ने कॉलेज छात्राओं का आह्वान किया कि वह सिम्फनी जैसे प्लेटफार्म का लाभ उठाएं और इस में आगे आकर हिस्सा लें। इसके बाद कॉलेज की डांस सोसाइटी नृत्या और नूपुर की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी।

### वायु सेना ने की सातों महाद्वीपों की चोटियां फतह

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने एक पर्वतारोहण अभियान में उसने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों को फतह कर अपना तथा देश का नाम रोशन किया है। ग्रुप कैप्टन आर सी त्रिपाठी के नेतृत्व में वायु सेना के पर्वतारोही दल ने पिछले महीने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची तथा दुनिया की सबसे दुर्गम और दुरूह मानी जाने वाली चोटी माउंट विन्सटन पर फतह हासिल की। वायु सेना सभी सातों महाद्वीपों को फतह करने वाली पहली सेना बन गई है। माउंट विन्सटन की ऊंचाई 16 हजार 50 फुट है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बी एस धनोआ ने इस चोटी को पर विजय हासिल कर लौटी वायु सेना की टीम का आज यहां स्वागत किया।

# भाजपा पर बयान से पलटे सिद्धारमैया

**मैसुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आतंकवादी संगठन करार देने संबंधी बयान से पलटते हुए गुरुवार को कहा कि वह हिन्दू आतंकवाद का उल्लेख कर रहे थे।

सिद्धारमैया ने मन्दाकली हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि मैंने कहा था कि भाजपा और संघ राजनीतिक लाभ के लिए हिन्दू आतंकवाद फैला रहे हैं। मेरी राय में जो भी घृणा और हिंसा को भड़काने का काम करते हैं, वे आतंकवादी हैं। उन्होंने कहा कि मैं भी एक हिन्दू हूं, लेकिन इसे मैं राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं करता। मेरे हिन्दुत्व का चेहरा मानवीय है, जबकि उनका हिन्दुत्व इसके विपरीत है। हमारे और भाजपा के हिन्दुत्व में यही अंतर है।

उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि यह दल बतायें कि उसका दलितों और समाज के पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में क्या योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी बताये कि 'मौत के घर' की राजनीति कौन कर रहा है। दक्षिण कन्नड़ और तटीय क्षेत्र में हिंसा और अशांति के लिए कौन जिम्मेदार है। क्या यह आतंकवादी कृत्य नहीं है।

गौरतलब है कि सिद्धारमैया ने बुधवार को भाजपा और संघ को अतिवादी संगठन करार दिया था। भाजपा ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस ही वह दल है, जिसने आतंकवाद और अतिवादी तत्वों को पाला-पोसा है।

**सफाई**

घृणा और हिंसा भड़काने वाले आतंकवादी हैं

- हमारे और भाजपा के हिन्दुत्व में अंतर
- मेरे हिन्दुत्व का चेहरा मानवीय है



### भाजपा के पूर्व सांसद पटोले कांग्रेस में शामिल

**नयी दिल्ली।** भाजपा से हाल ही में नाता तोड़ने वाले पूर्व सांसद नाना पटोले गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्वीटर पेज पर यह जानकारी देते हुए कहा कि पटोले कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गये। भाजपा के पूर्व सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसानों की समस्याओं से आंख मूंदने का आरोप लगाते हुए लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के पूर्व सांसद नाना पटोले का कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की नीतियों को दिशाहीन करार दिया है। इसने गुरुवार को आरोप लगाया कि वह देश के सामरिक हितों को नुकसान पहुंचा रही है और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है।

कांग्रेस के प्रवक्ता टॉम वडक्कन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कुछ समाचार पत्रों में आज रिपोर्ट आयी हैं कि चीनी सेना ने अरुणाचल प्रदेश के अंदर 1.3 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया है। उसके बाद भारतीय सेना ने उन्हें रोका है और उनके उपकरण जब्त किए हैं।

उन्होंने इसे गंभीर घटना बताया और आरोप लगाया कि मोदी सरकार अपने प्रभुत्व वाले टीवी चैनलों के जरिए सीमाओं की सुरक्षा को लेकर जो दावे कर रही है उनकी असलियत सामने आ रही है। भाजपा सरकार के 43 माह के कार्यकाल में अब यह स्पष्ट हो गया है कि उसकी नीतियां दिशाहीन हैं और उनसे देश को सामरिक हितो को नुकसान पहुंच रहा है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किया जा रहा है।

**आरोप**

नीतियां दिशाहीन हैं, सामरिक हितों को नुकसान पहुंच रहा है

- कांग्रेस प्रवक्ता वडक्कन ने लगाया आरोप

# बाजार

### सेंसेक्स 34,500 के पार, निफ्टी भी नये रिकॉर्ड पर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में मजबूत निवेश धारणा के दम पर गुरुवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 70.42 प्रतिशत चढ़कर पहली बार 34,500 अंक के पार 34,503.49 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19 अंक की बढ़त में 10,651.20 अंक पर पहुंच गया। यह इसका भी सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस के शेयर सवा दो प्रतिशत और भारती एयरटेल तथा कोटक महिंद्रा बैंक के डेढ़ प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में रहे। इंडसइंड बैंक के शेयर सर्वाधिक दो प्रतिशत टूटे। बीएसई के समूहों में रियलिटी, आईटी और टेक के सूचकांक सबसे ज्यादा मजबूत हुए। सेंसेक्स 38.41 अंक चढ़कर 34,471.48 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में यह लाल निशान में उतर गया।

# 3500 करोड़ की 900 बेनामी संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कालेधन और बेनामी संपत्तियों पर कार्रवाई में तेजी लाने की घोषणा की। इसने गुरुवार को कहा कि उसकी कार्रवाई में अब तक 900 से अधिक मामलों में 3,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेनामी संपत्ति जब्त की गई है। विभाग 1 नवंबर 2016 से प्रभावी बेनामी संपत्ति लेनदेन प्रतिबंध कानून (बेनामी कानून) के तहत कार्रवाई में तेजी लाया है। इस कानून में चल और अचल संपत्ति जब्त करने का प्रावधान है। बेनामी संपत्ति के मालिक को सात वर्ष तक के सश्रम कारावास और संपत्ति के वर्तमान बाजार मूल्य का 25 फीसदी तक जुर्माना हो सकता है। विभाग ने इस कानून पर प्रभावी अमल के लिए जांच निदेशालयों के तहत पूरे देश में 24 बेनामी निरोधक इकाइयां बनायी हैं।

विभाग ने 900 से अधिक मामलों में 3,500 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्ति जब्त की है जिसमें 2,900 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। इसमें प्लॉट, फ्लैट, दुकान, आभूषण, वाहन, बचत खातों में जमा, सावधि जमा आदि शामिल हैं। पांच मामलों में सक्षम प्राधिकारी ने 150 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति जब्त किए जाने को सही ठहराया है। एक मामले में एक रियल्टी कंपनी ने कई लोगों के नाम पर 50 एकड़ भूमि खरीदी है। भूमि बेचने वाले और दलालों ने भी इसकी पुष्टि की है।



**कार्रवाई**

आयकर विभाग ने की कार्रवाई में तेजी लाने की घोषणा

- जब्ती कार्रवाई में 2,900 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति

**सहयोगियों के खाते भी पकड़े**

एक अन्य मामले में नोटबंदी के बाद दो करदाताओं ने अपने कर्मचारियों और सहयोगियों के अलग-अलग बैंक खातों में बंद किए गए पुराने नोट जमा कराए थे। कुल राशि 39 करोड़ रुपए थी। एक अन्य मामले में एक वाहन से 1.11 करोड़ रुपए जब्त किए गए, जबकि संबंधित व्यक्ति ने नकदी उसका होने से इनकार दिया था। इस तरह किसी ने उस नकदी को अपना नहीं बताया।

### सोना सात सप्ताह से ज्यादा के उच्चतम स्तर पर



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पीली धातु के चार महीने के उच्चतम स्तर को छूने से गुरुवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 145 रुपये चमककर सात सप्ताह से ज्यादा के उच्चतम स्तर 30,620 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी 180 रुपये की छलांग लगाकर 39,680 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर बुधवार को कारोबार के दौरान 1,326.56 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया था जो गत 15 सितंबर के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। हालांकि, विदेशों में सोना हाजिर 1,317.60 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। फरवरी का अमेरिकी सोना वायदा 1.10 डॉलर की गिरावट में 1,318.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। कच्चा तेल के दाम बढ़ने से निवेशक सोने में निवेश कर रहे हैं।

## पिछले साल बिके रिकॉर्ड 2.37 करोड़ से ज्यादा वाहन

**नई दिल्ली।** देश के घरेलू बाजार में गत दिसंबर में कारों की बिक्री में गिरावट के बाद भी पिछले साल वाहन बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रही। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा गुरुवार को यहां जारी आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2017 में देश में रिकॉर्ड दो करोड़ 37 लाख 39 हजार 780 वाहन बिके। साथ ही दुपहिया और यात्री वाहनों की बिक्री भी रिकॉर्ड स्तर पर रही। यात्री वाहनों की बिक्री पहली बार किसी कैलेंडर वर्ष में 30 लाख के पार पहुंची है। यह वर्ष 2016 के 29,66,603 से 8.85 प्रतिशत बढ़कर 32,29,109 पर पहुंच गई।

दुपहिया वाहनों की बिक्री भी पहली बार कैलेंडर वर्ष के दौरान एक करोड़ 90 लाख के पार रही। यह वर्ष 2016 के 1,76,86,685 से 8.43 प्रतिशत बढ़कर 2017 में 1,91,76,905 इकाई रही। सियाम के उपमहानिदेशक सुगातो सेन ने बताया कि यह पिछले पांच साल में यात्री वाहनों की बिक्री में सबसे तेज बढ़ोतरी है। इससे पहले वर्ष 2012 में बिक्री 9.77 प्रतिशत बढ़ी थी। दिसंबर में कारों की बिक्री लगातार दूसरे साल घटी है। नोटबंदी के बाद दिसंबर 2016 में कारों की 8.14 प्रतिशत घटी थी। यात्री वाहनों की बिक्री में भी 1.36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। यात्री वाहनों में कारों के साथ उपयोगी वाहन और वैन आते हैं। कमजोर आधार के कारण दिसंबर 2017 में कारों की बिक्री 0.18 प्रतिशत घटकर 1,58,326 इकाई रह गई।

**घरेलू बाजार**

नोटबंदी के बाद दिसंबर 2016 में घटी थी कारों की बिक्री

- दुपहिया वाहनों की बिक्री भी 1.90 करोड़ के पार पहुंची

### लैंबार्गिनी ने सबसे तेज और महंगी एसयूवी भारत में उतारी

**नई दिल्ली।** इटली की ऑटोमोबाइल कंपनी लैंबार्गिनी ने दुनिया की सबसे तेज और महंगी एसयूवी तीन करोड़ रुपए कीमत वाली 'उरुस' को भारतीय बाजार में उतारा है। कंपनी ने इसे विश्व बाजार में हाल ही में लॉन्च किया था। महंगी होने के बावजूद इसकी पहली खेप की हाथों हाथ बिक्री हो चुकी है। ऑटोमैटिक गियर बॉक्स से लैस चार लीटर वी8 इंजन वाली उरुस का लैंबार्गिनी ने भारत में एक्स शोरुम कीमत तीन करोड़ रुपए रखी है। कंपनी ने कहा है कि भारत में वह इस मॉडल की केवल 25 गाड़ियां ही बेचेगी। उरुस का इंजन का अधिकतम आउटपुट 641 हॉर्सपावर है। उरुस 100 कि.मी. प्रति घंटा की गति सिर्फ 3.6 सेंकड में पकड़ सकती है। इसे 200 कि.मी. की गति पकड़ने में केवल 12.8 सेकेंड लगते हैं। पांच सीटों वाली उरुस को लैंबोर्गिनी ने बेंटले बेंटाएगा। पोर्शे काएन और औडी क्यू7 के प्लेटफार्म पर तैयार किया है। अधिकतम 305 कि.मी. प्रतिघंटा की गति वाली उरुस में एलईडी हैंडलैंपस-एलईडी टेललाइट्स के अलावा कई लग्जरी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं।